कैलाश विजयवर्गीय
राष्ट्रीय महासचिव

भारतीय जनता पार्टी
Bharatiya Janata Party

दिनांक : 30 दिसम्बर, 2015

सेवा में,
सभी माननीय प्रदेश अध्यक्ष / प्रदेश प्रभारी / प्रदेश महामंत्री (संगठन)

बंधुवर / भगिनी,

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा संसदीय दल की बैठक में इच्छा व्यक्त की गई थी कि सभी केन्द्रीय मंत्री एवं राज्यमंत्री को पूरे देश के प्रवास का एक कार्यक्रम बनाना चाहिए। इस संबंध में माननीय अध्यक्ष श्री अमित शाह जी की अध्यक्षता में सम्पन्न बैठक में तय किया गया है कि भारत सरकार के समस्त माननीय मंत्री एवं राज्यमंत्री का दो लोकसभा क्षेत्रों का प्रवास कार्यक्रम जनवरी माह में तय किया गया है। प्रवास के दौरान निम्नलिखित कार्यक्रम अनिवार्य रूप से आयोजित करना है:–

- भारत सरकार के माननीय मंत्री एवं राज्यमंत्रीगण आपके राज्य में निर्धारित लोकसभा क्षेत्रों में 30 घण्टे के प्रवास पर आ रहे है। कार्यक्रम ठीक प्रकार से सम्पन्न हो इसकी चिंता करें।
- राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के प्रमुख कार्यकर्ताओं से भेंट करेंगे।
- प्रदेश की Core Committee के साथ बैठक में प्रदेश की संगठनात्मक स्थिति यदि वहां अपनी सरकार हो तो सरकार के क्रियाकलापों की जानकारी, यदि अपनी सरकार नहीं हो तो उसकी जानकारी लेना व इस संबंध में सरकार द्वारा किए जा रहे ऐसे कार्य जो भ्रष्टाचार की श्रेणी में आते हों उसकी जानकारी लेना। तथा बैठक का संक्षिप्त नोट बनाकर केन्द्र को देना।
- परिवार संगठनों के साथ बैठक।
- उस जिले के किसी भी दलित बस्ती में दलित कार्यकर्ताओं का सम्मेलन व उस वर्ग के लिए केन्द्र सरकार द्वारा क्या–क्या योजनाएं चलाई जा रही है, इससे अवगत कराना।
- सार्वजनिक कार्यक्रम अथवा हाल मीटिंग भी आयोजित करें।
- मंत्री महोदय को अपने विभाग की समीक्षा एवं राज्य / केन्द्र सरकार की किसी भी योजना चाहे वह दूसरे विभाग की भी क्यों ना हो उसका अवलोकन एवं संभव हो सके तो उद्‌घाटन, भूमि पूजन या निरीक्षण भी करेंगे।
- प्रबुद्ध एवं गणमान्य वर्ग जैसे Bar Association, Chamber of Commerce, Chartered Accountant व अन्य प्रतिष्ठित संस्थाओं के साथ बैठकर चर्चा करना एवं आगामी बजट संबंधी अन्य कोई सुझाव हो तो नोट करके उचित स्थान पर पहुँचाना। (इस कार्यक्रम की गंभीरता देखते हुए कम से कम दो घण्टे का समय देना चाहिए)
- किसी सार्वजनिक प्रेस वार्ता के बजाय कुछ प्रमुख सथानीय अखबारों व चैनलों पर साक्षात्कार प्रायोजित करना।
- पत्रकार वार्ता– स्थानीय चैनलों पर लघु समाचार पत्रों को भी आमंत्रित करें।

उपरोक्त कार्यक्रमों की रचना और क्रियान्वयन प्रभावी हो तथा संलग्न सूची अनुसार मंत्रीगणों से चर्चा कर कार्यक्रम सुनिश्चित करें।
आशा है, आपके प्रयत्न से सभी कार्यक्रम सफल होंगे।

धन्यवाद

कैलाश विजयवर्गीय

संलग्नकः–

1. **केन्द्र सरकार की 19 महीनों की उपलब्धियां**
2. **पावर प्वाइंट प्रस्तुति**
3. **सोशल मीडिया / नरेन्द्र मोदी एप्प से जुड़ने की जानकारी**
4. **प्रवास एवं कार्यक्रम संम्पर्क सूत्र**

<u>प्रति सूचनार्थ</u>–
माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष जी,
माननीय राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन)

11, अशोक रोड, नई दिल्ली–110 001, दूरभाष : 23005700 फैक्स : 23005787

11, Ashok Road, New Delhi-110 001, Phone : 23005700 Fax : 23005787